भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

मॉरिटानिया में भारतीय समुदाय के लिए आयोजित स्वागत समारोह में सम्बोधन

Nouakchott, 16 October 2024

आज मॉरिटानिया में, लघु किन्तु जीवंत और सक्रिय भारतीय समुदाय के बीच उपस्थित होना मेरे लिए वास्तव में प्रसन्नता और सम्मान की बात है। दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाने में भारतीय समुदाय की भावना और योगदान को देखकर मैं गौरवान्वित हूं।

मेरे साथ हमारे Minister of State श्री सुकांत मजूमदार, और संसद सदस्य श्री अतुल गर्ग और श्री मुकेशकुमार दलाल भी हैं, और हम अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों का अभिनंदन लेकर आए हैं।

भाइयो और बहनो,

मॉरिटानिया के साथ हमारे संबंध सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण हैं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मॉरिटानिया और भारत की संस्कृति में अनेक समानताएं हैं। जैसे पहनावा, विशेषकर महिलाओं के परिधान, एक जैसे हैं; पूर्वजों के लिए सम्मान है; पारिवारिक संबंध मजबूत हैं, संयुक्त परिवार हैं; बच्चों को सामाजिक मूल्य सिखाए जाते हैं।

मुझे जानकर प्रसन्नता हुई कि मॉरिटानिया में भारत में बनी फिल्में/TV धारावाहिक और भारतीय परिधान पसंद किए जाते हैं। मॉरिटानिया के कई दर्शक Bollywood के सितारों और उनकी फिल्मों को पसंद करते हैं।

यह सराहनीय है कि भारतीय समुदाय इस देश के सामाजिक ताने-बाने में रच-बस गया है, और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को बढ़ावा

देने के साथ-साथ, मॉरिटानिया के विकास और समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। आप सबका योगदान महत्वपूर्ण और अनमोल है।

भाइयो और बहनो,

मुझे यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि हमारे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। आज हमारे संबंधों का एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि 1960 में मॉरिटानिया की स्वाधीनता के बाद, भारत की ओर से मॉरिटानिया की यह पहली राजकीय यात्रा है।

आज, मैं माननीय राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री और मॉरिटानिया के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात करूंगी। बातचीत के दौरान, मैं विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभकारी सहयोग को बढ़ाने की संभावनाओं के बारे में चर्चा करूंगी, जिसके लिए दोनों पक्षों को प्रयास करना है। भारत मानव संसाधन विकास, infrastructure निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, skill development और digital innovation के माध्यम से मॉरिटानिया की विकास यात्रा में योगदान दे सकता है। आप सभी सहयोग की इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

भाइयो और बहनो,

जैसा कि आप जानते हैं, भारत में लगातार सकारात्मक परिवर्तन किए जा रहे हैं। भारत अनेक क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास कर रहा है। भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और आशा है कि वर्ष 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हमारी GDP विकास दर में लगातार वृद्धि हो रही है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से लेकर, वैश्विक आर्थिक महाशक्ति का स्वरूप लेने तक, भारत वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। भारत सरकार द्वारा innovation, और inclusiveness पर ध्यान केन्द्रित करने से यह बदलाव हो रहा है।

Digital India, Make in India और Skill India जैसी पहल का हमारे लाखों नागरिक लाभ उठा रहे हैं, और इससे वैश्विक सहयोग के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

हम वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, और हमारा प्रवासी परिवार इस प्रक्रिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक है।

मैं, आप सभी से इस विकास यात्रा के दौरान अपने देश से जुड़े रहने, और इसमें भागीदारी करने का आग्रह करती हूं। आपके कौशल, विशेषज्ञता और अनुभव, भारत की प्रगति के लिए मायने रखते हैं। इसके अलावा, इस देश में आप सब भारत के दूत हैं, और आप, दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के आपके कार्य सराहनीय हैं। हमें इस मित्रता और सहयोग को बनाए रखना है, साथ ही पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध भी बनाने हैं।

भाइयो और बहनो,

भारतीय समुदाय का सदा सहयोग करने के लिए, मैं मॉरिटानिया की सरकार और इस देश के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। आपके समावेशी और स्वागत भाव से ही, भारतीय समुदाय यहां फल-फूल रहा है और समृद्ध हो रहा है।

मुझे आशा है कि आप अपना अच्छा काम जारी रखेंगे, और भारत-मॉरिटानिया संबंधों की बेहतरी के लिए अपनी उपलब्धियों से हमें गौरवान्वित करेंगे। मैं आगामी वर्षों में आपके सभी प्रयासों के लिए सफलता और समृद्धि की कामना करती हूं।

धन्यवाद!

जय हिंद!